प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज **दिनांक 08-11-2023** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-जान से मारने की नियत से हमला करने के 02 आरोपी गिरफ्तार, थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 02-11-2023 को वादी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी पर जान से मारने की नियत से हमला करने, मारपीट करने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0स0-368/2023 धारा-147/323/504/324/307 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 08-11-2023 को उ0नि0 श्री प्रवेन्द्र सिंह व उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र पंवार थाना कांठ द्वारा मय हमराह पुलिस बल के 1-भूरे उर्फ भूरे खान पुत्र गामा उर्फ सद्दीक निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद 2-महफूज खां पुत्र चांद खां निवासी ग्राम सलेमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

2-प्रतिबन्धित नशे की गोलियों के साथ आरोपी गिरफ्तार, थाना डिलारीः-

अवगत कराना है कि आज दिनांक 08-11-2023 को उ0नि0 श्री मनीष सिरोही थाना डिलारी द्वारा मय हमराह पुलिस बल के मौ0 शाहिद पुत्र भूल्लन निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को प्रतिबन्धित नशे की 130 टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-303/23 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया।